No. of Printed Pages/Questions: 10/ 16

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2023 – 2024)**

**Class: VII** | **MM: 80**

**Subject: HINDI** | **Time: 3Hrs.**

---

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में **दो खंड हैं- खंड 'क' और 'ख'**। **खंड 'क'** में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और **खंड 'ख'** में वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 16 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(4) खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड 'क' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

जीवन में वही मनुष्य सफल है, जो समय के साथ चलता है। कुछ लोग तो ऐसे दूरदर्शी (दूर की समझ रखने वाले) होते हैं, जो आने वाले समय को पहले ही भाँप जाते हैं। ऐसे व्यक्ति अपनी योजना पहले ही बना लेते हैं तथा हर कसौटी पर सफल होते हैं। हमें समय के साथ आगे बढ़ते हुए अपना काम पूरा कराते रहना चाहिए। कल के भरोसे अपने काम को छोड़ देना हमें आलसी बनाता है और हम अपने लिए समस्याओं को आमंत्रित कर लेते हैं। समय से बड़ा कुछ भी नहीं। समय सबसे बड़ा और बलवान होता है। समय के अनुसार चलने वाला गरीब से गरीब व्यक्ति भी अमीर व्यक्ति बन जाता है और समय के महत्व को न समझने वाले व्यक्ति अमीर से कंगाल बन जाता है।प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जिनसे उसके भाग्य का बनना और बिगड़ना तय होता है।अगर व्यक्ति ने समय की सही गति या दिशा को समझ लिया, तब तो वह सफल हो गया, अन्यथा उसके हाथ केवल असफलता ही लगेगी। खेलकूद, खासकर दौड़ की प्रतियोगिताओं में समय ही सर्वाधिक निर्णायक होता है। कल्पना चावला को ले जाने वाला अंतरिक्षयान कोलंबिया यदि कुछ मिनट और ठीक रहता, तो शायद वे और उनके सभी साथी अंतरिक्षयात्री सुरक्षित बच जाते। अत: हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का सबसे बड़ा और निर्णायक घटक समय ही है।

**(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A)**- मानव जीवन का सबसे बड़ा निर्णायक घटक समय है।

**कारण (R)**- थोड़े से समय के आगे-पीछे होने से परिस्थितियाँ और परिणाम पूरी तरह बदल जाते हैं

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(ii) समय के साथ नहीं चलाने वाले व्यक्ति का क्या हश्र (परिणाम) होता है?**

(अ) वे असफल होते हैं

(ब) वे सबसे आगे रहते हैं

(स) वे अमीर से कंगाल भी बन सकते हैं

(द) 'अ' और 'स' दोनों सही है।

**(iii) व्यक्ति के भाग्य का बनना और बिगड़ना किस पर आधारित होता है?**

(अ) जीवन में आने वाले कुछ विशेष क्षणों पर

(ब) परिवार के सदस्यों पर

(स) उसके व्यवहार पर

(द) धन-दौलत पर

**(iv) अंतरिक्ष यान कोलंबिया में भारतीय मूल की महिला अंतरिक्ष यात्री कौन थीं?**

(अ) कल्पना चावला

(ब) कल्पना कार्तिक

(स) कामना चावला

(द) कल्पना मोहन

**(v) "दूरदर्शी व्यक्ति सफल होते हैं" क्योंकि - कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**कथन**

(क)वे आने वाले समय को पहले से भाँप लेते हैं।

(ख) वे मुसीबत से बचने की कोशिश करते हैं।

(ग) वे अपनी योजना पहले ही बना लेते हैं।

(घ) वे हर कसौटी पर सफल सिद्ध होते हैं।

**विकल्प**

(अ) कथन 'क' और 'ख' सही है

(ब) कथन 'क','ख' और 'ग' सही हैं

(स) कथन 'क','ख','ग' और 'घ' सही हैं

(द) कथन 'क','ग' और 'घ' सही हैं

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

जब एक साथ मिल कर खेलते हैं,<br>
एक-दूसरे के दु:ख-सुख झेलते हैं;<br>
कभी रूठते हैं,मनाते हैं,<br>
और फिर गले लगाकर मुसकुराते हैं।<br>
जब हम बतियाते हैं-एक हो जाते हैं

भाषा-भूषा हमें पास लाते हैं;
पर बिना शब्दों के भी जोड़ते हैं संगीत के स्वर
जिससे होंठ गुनगुनाते हैं, पाँव थिरक जाते हैं।
हम तब भी एक होते हैं,
जब प्रकृति की गोद में होते हैं।
दीन-दुनिया से परे, चैन की नींद सोते हैं,
और सुनहरे सपनों की दुनिया सँजोते हैं।
हम तब भी एक होते हैं,
जब भय से सहम जाते हैं।
अपने मन के दरवाजे बंद भी कर लें,
पर स्वयं को दूसरे से जुड़ा पाते हैं।
एक होने का भाव बड़ा अजीब है,
इसी भाव में यीशु का यश, अल्लाह का ताबीज़ है।
गुरु की वाणी है, रामनाम का बीज है,
यह परंपरा और संस्कृति की चीज़ है।

**(i) हम सभी तब मुस्कुराते हैं, जब - दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**
**कथन**

(क) एक साथ मिलकर एक-दूसरे के दु:ख-सुख झेलते हैं
(ख) दु:ख-सुख झेलते हैं
(ग) एक-दूसरे को मनाते हैं
(घ) आपस में गले लगते हैं

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (ख) सही है
(ब) कथन (ख),(ग) और (घ) सही है
(स) कथन (क),(ख) और (ग) सही है
(द) कथन (क),(ग) और (घ) सही है

**(ii) भूषा का अर्थ है**

(अ) वेश-भूषा
(ब) चारा-भूषा
(स) सजावट
(द) शोभा

**(iii) संगीत के स्वर बजने पर क्या होता है?**

(अ) हम सब मन से जुड़ जाते हैं
(ब) होंठ गुनगुनाते और पाँव थिरकते हैं
(स) मन के दरवाजे खुलते हैं
(द) कर्तव्य के प्रति सजग होते हैं

**(iv) कथन(A) और कारण(R) को पढ़कर सही विकल्प चुनिए-**

**कथन(A)** एक होने का भाव अजीब है,क्योंकि
**कारण(R)** हम सभी का मान करते हैं

(अ) कथन (A) सही है,किन्तु कारण(R) सही नहीं है।

(ब) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) और कारण(R) दोनों सही हैं।

**(v) 'सुनहरे सपनों की दुनिया सँजोते हैं' का अर्थ है**

(अ) सपनों का रंग सुनहरा हो जाता है।

(ब) सपने रंगीन हो जाते हैं।

(स) एक साथ मिलकर सारी चिंता और तकलीफ़ मिट जाती है

(द) दुनिया सजकर रंगीन हो जाती है।

**3.निर्देशानुसार 'विशेषण' पाठ पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(i)** सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A.आधुनिक समय | 1.संख्यावाचक विशेषण |
| B.यह कलम | 2.संकेतवाचक विशेषण |
| C.काफ़ी लोग | 3.गुणवाचक विशेषण |
| D.ज़्यादा मिठाई | 4.परिमाणवाचक विशेषण |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D. | | A | B | C | D. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 2 | 1 | 4 | (ब) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (स) | 3 | 1 | 2 | 4 | (द) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**(ii) जो विशेषण विशेष्य की निश्चित संख्या का बोध नहीं कराते हैं, वे हैं-**

(अ) निश्चित संख्यावाचक विशेषण (ब) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(स) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण (द) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

**(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गुणवाचक का उदाहरण नहीं है-**

(अ) अच्छा (ब) दयालु

(स) बुद्धिमान (द) दुगुना

**(iv) जो विशेषण की भी विशेषता बताए, वह कहलाता है -**

(अ) विशेष्य (ब) क्रियाविशेषण

(स) प्रविशेषण (द) विशेषण

**(v) <u>चार लड़कियाँ</u> साथ बैठकर पढ़ रही हैं ,रेखांकित विशेषण है-**

(अ) परिमाणवाचक विशेषण (ब) निश्चित संख्यावाचक विशेषण

(स) सार्वनामिक विशेषण (द)अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

**4.निर्देशानुसार 'क्रिया' पाठ पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(i) बच्चा <u>सो रहा है</u>, रेखांकित क्रिया का भेद हैं-**

(अ) अकर्मक क्रिया (ब) सकर्मक क्रिया

(स) नामधातु क्रिया (द) प्रेरणार्थक क्रिया

**(ii) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. माँ कहानी सुना रही है | 1. अकर्मक क्रिया |
| B. वह हँस रहा है | 2. सकर्मक क्रिया |
| C. घोडा हिनहिना रहा है | 3. नामधातु क्रिया |
| D. मैडम बच्चों से पढ़वा रही है | 4. प्रेरणार्थक क्रिया |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D. |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (ब) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (द) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**(iii) पूर्वकालिक क्रिया का उदाहरण है-**

(अ) शशांक सो रहा था। (ब) लाली पढ़कर सोएगी।

(स) तुम मेरे घर आते जाते रहना। (द) दुल्हन शरमा रही थी।

**(iv) द्विकर्मक क्रिया का उदाहरण है-**

(अ) माली पौधे लगा रहा है। (ब) वह बतिया रहा था

(स) अजय विजय को कक्षा कार्य समझाता है (द) दो लोग बातें कर रहे थे।

**(v) संयुक्त क्रिया का उदाहरण है-**

(अ) आयुष रोज़ टहलने जाया करता है। (ब) वह ठंड के मारे थरथरा रहा था।

(स) बुआ ने हलवाई से लड्डू बनवाए। (द) वह खाना खाती है।

**5.निर्देशानुसार 'काल' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(i) भूतकाल के भेद होते हैं-**

(अ) चार (ब) पाँच

(स) छः (द) सात

**(ii) संदिग्ध भूतकाल का उदाहरण है-**

(अ) गाड़ी चली गई है। (ब) गाड़ी जा चुकी थी।

(स) गाड़ी जा रही है। (द) गाड़ी चली गई होगी।

**(iii) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. निकिता अभी-अभी खेलने गई है। | 1. हेतु-हेतुमद भूतकाल |
| B. बुआ लंदन से आ रही थीं। | 2. पूर्ण भूतकाल |
| C. यदि तुम मेहनत करते तो अच्छे अंक आते। | 3. आसन्न भूतकाल |
| D. वह कल दिल्ली गया था | 4. अपूर्ण भूतकाल |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 4 | 3 | 1 | 2 | (ब) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 | (द) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**(iv) माँ परीक्षा की तैयारी करवा रही है, उदाहरण है-**

(अ) अपूर्ण भूतकाल (ब) पूर्ण भूतकाल

(स) अपूर्ण वर्तमान काल (द) सामान्य वर्तमान काल

**(v) दिए गए उदाहरण में संभाव्य भविष्यत काल का उदाहरण है-**

(अ) मैं परीक्षा के लिए बहुत मेहनत करूँगा। (ब) मैंने तैयारी कर ली है।

(स) वह शायद घर जाएगा। (द) तुम पढ़ रहे हो।

**6.निर्देशानुसार 'वाक्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1X4=4**

**(i) अरे! तुम आ गए, उदाहरण है-**

(अ) विधानवाचक वाक्य (ब) निषेधवाचक वाक्य

(स) प्रश्नवाचक वाक्य (द) विस्मयवाचक वाक्य

**(ii) तुम्हारा कल्याण हो,अर्थ के आधार पर है -**

(अ) विधानवाचक वाक्य (ब) आज्ञावाचक वाक्य

(स) इच्छावाचक वाक्य (द) संदेहवाचक वाक्य

**(iii) सही जोड़ा नहीं है-**

(अ) अहा! कितना सुहावना मौसम है-संदेहवाचक (ब) पृथ्वी गोल नहीं है-निषेधवाचक

(स) सभी छात्र खड़े हो जाओ-आज्ञावाचक (द) पृथ्वी गोल है-विधानवाचक

**(iv) 'सुभाष चन्द्र बोस ने आज़ाद हिन्द फौज़ की स्थापना की थी',इस वाक्य में उद्देश्य है-**

(अ) सुभाष चन्द्र बोस ने (ब) स्थापना की थी

(स) फ़ौज की स्थापना की थी (द) इनमें से कोई नहीं

**(v)** सूची **I** को सूची **II** के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| A. राहुल और प्रियंका पढ़ते हैं | 1. मिश्र वाक्य |
| B. जब राहुल पढ़ रहा था प्रियंका सो रही थी | 2. सरल वाक्य |
| C. राहुल पढ़ रहा था और प्रियंका सो रही थी | 3. संयुक्त वाक्य |

**कूट/विकल्प**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 3 | 1 | (ब) | 3 | 2 | 1 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | (द) | 2 | 1 | 3 |

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

पहले अपने पढ़ने-लिखने के कमरे में उनका पिंजड़ा रखकर उसका दरवाज़ा खोला, फिर दो कटोरों में सत्तू की छोटी-छोटी गोलियाँ और पानी रखा। वे दोनों चूहेदानी जैसे पिंजड़े से निकलकर कमरे में मानो खो गए, कभी मेज़ के नीचे घुस गए, कभी अलमारी के पीछे। अंत में इस लुकाछिपी से थककर उन्होने मेरे रद्दी कागज़ो की टोकरी को अपने नए बसेरे का गौरव प्रदान किया। दो-चार दिन वे इसी प्रकार दिन में इधर-उधर गुप्तवास करते और रात में आविर्भूत होने लगे । खिड़कियों में तो जाली लगा थी, पर दरवाज़ा मुझे निरंतर बंद रखना पड़ता था। खुला रहने पर चित्रा (मेरी बिल्ली) इन नवागंतुकों का पता लगा सकती थी और तब उसके शोध का क्या परिणाम होता, यह अनुमान करना कठिन नहीं है। वैसे वह चूहों पर भी आक्रमण नहीं करती, परंतु यहाँ तोड़ो सर्वथा अपरिचित पक्षियों की अनधिकार चेष्टा का प्रश्न था।उसके लिए दरवाज़ा बंद रहे और ये दोनों(उसके दृष्टि में) ऐरे-गैरे मेरी मेज़ को अपना सिंहासन बना लें यह स्थिति चित्रा जैसी अभिमानिनी मार्जारी के लिए असहय ही कही जाएगी।

**(i) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक कौन हैं?**

(अ) मीरा बाई (ब) महादेवी वर्मा

(स) विनीता पाण्डेय (द) भवानी प्रसाद मिश्र

**(ii) गद्यांश में किनके बारे में बात की जा रही है?**

(अ) तीतर के बच्चों के बारे में (ब) कबूतर के बच्चों के बारे में

(स) मोर के बच्चों के बारे में (द) तोते के बच्चों के बारे में

**(iii) पिंजड़े की तुलना किससे की गई है?**

(अ) चूहेदानी (ब) पानदान

(स) मच्छरदानी (द) इनमें से कोई नहीं

**(iv) नवागंतुकों का अर्थ क्या होता है?**

(अ) घर में कभी-कभी आने वाले अतिथि (ब) नए आए हुए अतिथि

(स) पहले से रह रहे मेहमान (द) नए आए हुए घर के सदस्य

**(v) दरवाज़ा हमेशा बंद क्यों रखना पड़ता था?**

(अ) दोनों पक्षी-शावक बाहर जा सकते थे। (ब) साँप घर के भीतर घुस सकते थे

(स) चित्रा नामक बिल्ली भीतर आ सकती थी (द) चूहे अंदर आ सकते थे

**8.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(i) इडली-डोसा-बड़ा-साँभर-रसम कहाँ के भोजन हैं?**

(अ) दक्षिण भारत (ब) उत्तर भारत

(स) पूर्वी भारत (द) पश्चिमी भारत

**(ii) धनराज पिल्लै ने अपनी जूनियर राष्ट्रीय हॉकी कब और कहाँ खेली?**

(अ) सन् 1985 में मणिपुर में (ब) सन् 1986 में मणिपुर में

(स) सन् 1985 में दिल्ली में (द) सन् 1986 मे दिल्ली में

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे ।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे ॥
उठो लालजी ! भोर भयो है, सुर नर ठाढ़े द्वारे ।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै ॥
माखन-रोटी हाथ मह लीनी, गउवन के रखवारे ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरन आयाँ को तारै

**(i) भोर होने पर गोपियाँ क्या करने लगी**

(अ) दही बेचने लगी (ब) दूध निकालने लगीं

(स) दही मथने लगीं (द) माखन-रोटी खाने लगीं

**(ii) 'मोरे प्यारे', 'लालजी' कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती है?**

(अ) नन्द बाबा को (ब) बलराम को

(स) श्रीकृष्ण को (द) सुदामा को

**(iii) ग्वाल-बाल किसे चराने के लिए चल पड़े हैं?**

(अ) भैंसों को (ब) बकरियों को

(स) गायों को (द) भेड़ों को

**(iv) पहले पद में मीरा ने किसका वर्णन किया है?**

(अ) ब्रज की दोपहर का (ब) ब्रज की शाम का

(स) मथुरा की सुबह का (द) ब्रज की सुबह का

**(v) रजनी बीतने पर क्या होता है?**

(अ) सभी घरों के दरवाजे खुल जाते हैं (ब) सुबह हो जाती है

(स) गोपियाँ दही को मथकर मक्खन निकालती है (द) ये सभी

**10.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X2=2**

**(i) पक्षी ऊँची उड़ान के लिए क्या-क्या छोड़ने को तैयार हैं?**

(अ) घोंसला/टहनी का सहारा (ब) खाने-पीने का सामान

(स) अपने सुंदर पंख (द) अपने प्राण

**(ii) कवि की आँख में तिनका पड़ जाने पर लोगों ने क्या किया?**

(अ) कवि की तरफ खड़े होकर देखते रहे

(ब) डाक्टर के पास ले गए

(स) कवि को बहुत कुछ समझाने लगे।

(द) कपडे की मूँठ बनाकर आँख में दी।

**'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न(40 अंक)**

**पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक**

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छः प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X5=10**

(क) 'फ़ास्ट फ़ूड' में क्या-क्या आता है और इसका चलन कहाँ अधिक बढ़ा है ?

(ख) धनराज पिल्लै को हॉकी खेलने की प्रेरणा किससे मिली ?

(ग) गांधी जी को आश्रम में औजारों की आवश्यकता क्यों पड़ रही थी ?

(घ) धनराज के स्वभाव की नकारात्मक विशेषता क्या थी ?

(ङ) स्थानीय व्यंजन को छोड़ना ठीक नहीं है,क्यों ?

(च) अहमदाबाद में स्थापित आश्रम के मसविदे से क्या पता चलता है ?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2X4=8**

(क) हर तरह की सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?

(ख) 'एक तिनका' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

(ग) 'हम पक्षी उन्मुक्त गगन के' और 'एक तिनका' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(घ) कनक कटोरी की मैदा से अच्छी उन्हें कौन-सी चीज़ लगती है ?

(ङ) 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, इस घटना से हमें क्या सन्देश मिलता है?

**13.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** **3X2=6**

(क) पांडवों को चक्रव्यूह में प्रवेश करने से किसने और कैसे रोका ?

(ख) कृष्ण की मृत्यु कैसे हुई ?

(ग) पांडव सेना के सात नायक कौन थे ? उनमें से सेनापति कौन बना ?

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-** **6**

**(क) समाचार-पत्रों के लाभ**

संकेत बिंदु

*समाचार-पत्र का जीवन में स्थान *ज्ञान का स्रोत

*हर रोज की घटनाओं की जानकारी

**(ख) विज्ञान और मानव-जीवन**

संकेत बिंदु

*विज्ञान का युग *विज्ञान के नए-नए खोज

*विज्ञान के फायदे और नुकसान

**(ग) मेरा प्रिय खेल**

संकेत बिंदु

*विभिन्न प्रकार के खेल *खेल मनोरंजन का साधन

*अपनी दिनचर्या में खेल के लिए समय *खेल से होने वाले लाभ

**15.** आपके विद्यालय में डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गई है। अत: विद्यालय के प्राचार्य को धन्यवाद देते हुए एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आप सुमित हैं। आप अपने दोस्त अमित को पत्र लिखकर परीक्षा के समय मोबाइल से दूर रहने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

**16.** पढ़ाई और इसके महत्त्व को को लेकर माँ और बेटे के बीच हुई बातचीत को लिखिए। **5**

**अथवा**

'दुकानदार' और आपके बीच हुआ एक काल्पनिक संवाद लिखिए।

----0----